## स्पीड न्यूज

### पार्टी के विचारों को ओबीसी समाज तक पहुंचायें कार्यकर्ता : बीडी प्रसाद



**विश्रामपुर पलामू।** विश्रामपुर कार्यालय में नावा बाजार, पांडू, बिश्रामपुर प्रखंड के बूथ कमेटी के प्रबुद्ध जनों के साथ ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद (बीडी प्रसाद) ने बैठक की। श्री प्रसाद ने कहा कि अपने-अपने बूथ के लोगों के बीच जाकर उन्हें अपने हक अधिकार के लड़ाई के लिए ओबीसी समाज को जागृत करें। उन्होंने कहा कि पार्टी के विचारों को ओबीसी समाज तक पहुंचाने की जरूरत है। अपने-अपने बूथ जीतो चुनाव जीतो का नारा दिया। मौके पर सुरेंद्र भारती, रामराज राम, अजय राम, अजय गुप्ता, लक्ष्मी गुप्ता, राजेंद्र कुमार, योगेंद्र कुमार भी थे।

### चुनाव में आयेंगे इंजीनियर मुकेश चौधरी



**हुसैनाबाद पलामू।** झारखंड राज्य में चुनाव आयोग की आहट को भांपते हुए सभी राजनीतिक दल अचानक सक्रिय हो गये हैं। क्षेत्र में नेता लगातार बढ़ रहे हैं। बड़ेपुर निवासी व मैकेनिकल इंजीनियरिंग व बिजनेस कंसल्टेंट के रूप में कार्य करने वाले युवा मुकेश ने बताया कि हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा को आज तक राजनीतिक रूप से इस्तेमाल किया गया है। उन्होंने चुनाव लड़ने की इच्छा जताते हुए कहा कि समाज व इस जन्मभूमि के लिए कुछ करेंगे और हुसैनाबाद विधानसभा को एक अलग पहचान दिलायेंगे।

### शराब बनाने वाला जावा महुआ नष्ट



**मेदिनीनगर।** मनातू पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया। मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि मनातू थाना अंतर्गत गया जिला से सटे सीमावर्ती क्षेत्र ग्राम कुंडीलपुर कुबरा जंगल स्थित टेढ़ी नदी किनारे अवैध देसी शराब की भट्ठी चलाया जा रहा है। इस सूचना का सत्यापन करने पुलिस वहां गयी। पुलिस ने अवैध देसी शराब भट्ठी से 25 ड्रम करीब 20 क्विंटल जावा महुआ, शराब बनाने का उपकरण, दो डेकची झोपड़ी में पाया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शराब बनावे वाला जावा महुआ व सामग्री नष्ट कर दिया। छापेमारी अभियान में सअनि सत्येंद्र कुमार, हवलदार भूषण लोहरा, दिवाकर कुमार समेत सशस्त्र बल शामिल थे।

### कई स्टेशनों पर टिकट चेकिंग अभियान



**मेदिनीनगर।** लोक अदालत के अंतर्गत रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी के निर्देश पर आरपीएफ ने डालटनगंज स्टेशन, गढ़वा रोड, जपला, बरवाडीह, टोरी, पतरातू व बरकाकाना रेलवे स्टेशनों पर आरपीएफ ने मेगा टिकट चेकिंग अभियान चलाया। रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी डालटनगंज प्रज्ञेश निगम द्वारा सीआईटी, आरपीएफ के साथ टीम बनाकर डालटनगंज रेलवे स्टेशन में सघन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत शक्तिपूंज एक्सप्रेस, रांची चोपन व बरकाकाना डेहरी पैसेंजर के यात्रियों, प्लेटफार्म व प्रतिक्षालयों की जांच की गयी। इसमें सैकड़ों बेटिकट यात्रियों पर कार्रवाई की गयी। जिसमें कई यात्री बेटिकट पाये गये।

### रेयासत-पंचायत सचिव में तू-तू, मैं-मैं

**चैनपुर (पलामू)।** पथरा के रेयासत अंसारी ने अबुआ आवास योजना में तीस हजार लेने का आरोप लगाते हुए पंचायत सचिव रमेश मेहता से ब्लॉक प्रांगण में तू-तू, मैं-मैं किया। रेयासात ने पंचायत सचिव रमेश से कहा कि हम त्रिपाल के नीचे परिवार के साथ रहने पर मजबूर हैं। इसकी गुहार छह माह से बीडीओ को लिखित आवेदन देकर भी लगाये हैं फिर भी पंचायत सचिव रिश्वत के चक्कर में आवास नहीं दिया। इस संदर्भ में पंचायत सचिव रमेश ने कहा कि तुम झूठ बोल रहे हो। मैंने रिश्वत की कोई मांग नहीं की है।

### मिथिलेश बने दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के झाबर पंचायत में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर दुर्गा पूजा समिति व ग्रामीणों ने बैठक की। बैठक में दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया। ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से मिथिलेश यादव को दुर्गा पूजा समिति का अध्यक्ष चयनित किया गया। रविंद्र बैठा सचिव, मिंटु सिंह कोषाध्यक्ष, उदयनारायण सिंह संयोजक, प्रदीप सिंह, विनय सिंह, मुकेश राम, दिलीप सिंह, सिनू यादव, पवन सिंह, सनी, विजय यादव, सुरेश सिंह, किशोर सिंह, पंकज यादव आदि थे। पूजा को लेकर समिति के पदाधिकारी व सदस्य तैयारी में लगे हैं। दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण तरीके से किया जायेगा।

### विकास कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा : रामचंद्र चंद्रवंशी



**विश्रामपुर (पलामू)।** पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने बुधवार को विश्रामपुर प्रखंड में चार विभिन्न पक्की सड़कों का शिलान्यास किया। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि सड़क विकास का असली पैमाना होता है। सड़क बनते ही विकास के विभिन्न द्वार स्वतः खुल जाते हैं इसलिए हमने विश्रामपुर विस क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया है। कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। विधायक श्री चंद्रवंशी ने आम लोगों से अपील की है कि क्षेत्र में कोई सड़क और पुल कहीं बच गयी हो तो उसकी जानकारी दें, उसे तुरंत बनवाया जायेगा। विकास कार्य में कोई कोताही नहीं बरती जायेगी। मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, मुद्रिका यादव उर्फ मुलायम सिंह यादव, अमरेश तिवारी, बबन राम, प्रदीप चौधरी, संजय ठाकुर, उपेन्द्र तिवारी, शिवबंश मिश्रा, डॉ बीपी शुक्ला, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, राधा कृष्ण साव, श्याम नारायण राम, रमेश पाल, रीता सिंह, सोनी उरांव, अनिल तिवारी, संजय तिवारी, धीरन तिवारी भी थे।

# भाजपा की सरकार बनी तो घुसपैठियों को खदेड़ कर भगा देंगे : रवि किशन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबर पलामू।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर सांसद रवि किशन ने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार चरम सीमा पार कर गया है। गरीब और गरीब होते जा रहे हैं। झारखंड में भ्रष्टाचार किस हद तक पहुंच गया है कि पहले जो बालू 600 में मिलता था, आज वही बालू 6000 में मिल रहा है। झारखंड में एक साजिश के तहत हिंदुओं की संख्या घटाने के लिए निरंतर आदिवासी समाज का धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। घुसपैठियों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही। आखिर इसका जिम्मेदार कौन है। वे बुधवार को पांकी विस क्षेत्र में परिवर्तन यात्रा में शामिल होने आये थे।



इस दौरान सांसद रवि किशन पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता के आवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। सांसद रवि किशन ने कहा कि जो आदिवासी समाज झारखण्ड के राजा हुआ करते थे वहीं समाज आज निरंतर गरीब होते जा रहा है। बड़े ही दुःख की बात है कि भगवान बिरसा मुंडा की धरती पर इतना बड़ा भ्रष्टाचार किया जा रहा है। सांसद ने कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनते ही घुसपैठियों को खदेड़ कर भगाया जायेगा। आज घुसपैठियों के कारण झारखंड में लव जेहाद का मामला बढ़ गया है लेकिन झारखंड के मुख्यमंत्री को यह सब नहीं दिख रहा है। मुख्यमंत्री सिर्फ और सिर्फ अपने हित में लगे हुए हैं। सांसद रवि किशन ने कहा कि आइए उत्तर प्रदेश में देखिए डबल इंजन की सरकार रहने से कैसे विकास हो रहा है। बाबा योगीनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास का मॉडल बन गया है। सांसद रवि किशन ने कहा कि रोजगार के अभाव में युवा भटक रहे हैं। उन्होंने लोगों से आने वाले विधानसभा चुनाव में अपने वोट से सरकार को करारा जवाब देना है। इस मौके पर विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता, प्रदेश मंत्री मनोज सिंह, जिलाध्यक्ष अमित तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# भाजपा ही कर सकती है झारखंड का विकास : डॉ शशिभूषण मेहता

- विधायक डॉ मेहतस के नेतृत्व में भाजपा की परिवर्तन यात्रा में उमड़ा जन सैलाब
- हेमंत सरकार पर जमकर बरसे फिल्म अभिनेता सह गोरखपुर सांसद रवि किशन
- कहा झारखंड विकास से कोसो दूर, मंइयां सम्मान योजना प्रलोभन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**तरहसी / पांकी पलामू।** फिल्म स्टार सह गोरखपुर सांसद रवि किशन ने झारखंड सरकार पर जमकर हमला बोला। कहा कि झारखंड सभी संसाधनों से लैस है, फिर भी झारखंड का समुचित विकास नहीं हो सका। मंइयां सम्मान योजना चुनावी प्रलोभन है। यह स्थायी और टिकाऊ नहीं है। उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के काम देखने लायक हैं। भाजपा ने झारखंड को बनाया है और भाजपा ही संवारेगी। राज्य में घुसपैठिये राज कर रहे हैं अगर हमारी सरकार बनी, तो एक-एक घुसपैठियों को निकाल बाहर करने का काम करेंगे।



**खास बातें :** झारखंड में लव जिहाद चरम पर है। आदिवासियों की सरकार होने के बाद भी आदिवासी समुदाय विकास से कोसों दूर है। धर्म परिवर्तन हावी है। एक विशेष समुदाय को झारखंड में क्यूं बढ़ावा दिया जा रहा है, उन्हें ताकतवर बनाया जा रहा है। श्री किशन ने जनसमूह से निवेदन किया कि इसका जवाब वोट से दें और झारखंड में भाजपा की सरकार बनायें। अगर हमारी सरकार बनती है तो केंद्र सरकार झारखंड के विकास के लिए खजाना खोल देगी। पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि भाजपा ही राज्य का भला व सर्वांगीण विकास कर सकती है। राज्य का विकास पूरी तरह से ठप है। चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने हेमंत सरकार को ठग बताया। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, श्याम नंदन ओझा, लवली गुप्ता, प्रेम सिंह, किशलय तिवारी, अमित तिवारी, अरविंद गुप्ता, मंजुलता, अक्षय कुमार, विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव, पांकी प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# मंइयां सम्मान योजना से सशक्त बन रहीं महिलाएं : कल्पना सोरेन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा पलामू।** मुख्यमंत्री मइयां सम्मान यात्रा के तहत बुधवार को सतबरवा शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के मैदान में आयोजित कार्यक्रम में उमड़ी महिलाओं के सैलाब से गदगद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी सह गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि मंईयां सम्मान योजना से महिलाएं सशक्त बन रही हैं। 18 से 50 वर्ष तक की महिलाओं को सम्मान मिल रहा है। महिलाएं समृद्धि और हरियाली की प्रतीक होती है, महिला खुश होगी तो देश खुश होगा। झारखंड में हेमंत



पलामू में कार्यक्रम को संबोधित करतीं कल्पना व अन्य।

दादा ने महिलाओं को जो सम्मान दिया है आज तक किसी ने नहीं दिया। इस यात्रा से महिलाओं में इतनी खुशी है कि बारिश के बाद भी इतनी संख्या में महिलाएं कार्यक्रम स्थल पर मौजूद है जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि महिलाओं की खुशी छुपाई नहीं छिप रही है। यह साबित करता है कि महिलाएं देश की दिशा और दशा तय करेगी।

उन्होंने कहा कि मंत्री महिला विकास एवं समाज कल्याण बेबी देवी के नेतृत्व में सम्मान यात्रा निकली है। जिसमें दीदी और मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह और पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी के साथ पलामू झामुमो जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंहा ने सम्मान यात्रा को महिलाओं के बीच पहुंचाने में अहम योगदान दे रहे हैं।

**खास बातें :** कल्पना ने कहा कि इस योजना से साल में 12000 रुपये एक महिला को मिलेंगे, अगर घर में कई महिलाएं हैं तो और ज्यादा रकम मिलेगी। बिटिया का जन्म लक्ष्मी का रूप है। मौके पर डीडीसी शब्बीर अहमद ने कल्पना सोरेन के साथ मंत्री और मनिका विधायक रामचंद्र सिंह और पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी को बुके और शाल देकर सम्मानित किया। मौके पर सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की, बीडीओ अभिषेक पांडे, प्रमुख रीमा देवी, उपप्रमुख कामाख्या नारायण यादव, बीएओ धर्मेंद्र कुमार, एमओ अरविंद कुमार, सतबरवा की मुखिया रीना साहू कमलेश प्रसाद, जेएसएलपीएस बीपीएम आलोक कुमार, सीसी धर्मेंद्र सिंह, बीएपी सिंधु गुप्ता, शंभू उरांव, संतोष तिवारी, राजीव रंजन, विशाल कुमार, कांति कुमारी भी मौजूद थे।

# चियांकी मोड़ पर दीपक तिवारी के नेतृत्व में कल्पना सोरेन का किया जोरदार स्वागत

- भगवान बिरसा की नयी प्रतिमा लगाने की दीपक ने की घोषणा
- झारखंड आंदोलन के स्थलों का होगा कायाकल्प : कल्पना सोरेन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के चियांकी मोड़ पर मेदिनीनगर कार्यक्रम में भाग लेने आ रही झामुमो नेता सह गांडेय विधायिका कल्पना सोरेन का झामुमो नेता सह समाजसेवी दीपक तिवारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। चियांकी मोड़ पहुंचते ही कल्पना को कार्यकर्ताओं ने फूल माला से लाद दिया। इतना ही नहीं दीपक की जमीनी कार्यशैली की जीवंत तस्वीर भी लोगों ने देखी। कल्पना को ज्ञात कराया कि ऐसे स्थलों पर ही झारखंड निर्माण की आधारशिला रखी गई थी। तीस साल पहले



कल्पना सोरेन को स्मृति चिह्न प्रदान करते महागठबंधन समर्थक।

दिशोम गुरु शिबू सोरेन के हाथों लोकार्पण हुए दिवंगत खुर्शीद अहमद एवं साथियों द्वारा बनाये गये आज उपेक्षित भगवान बिरसा की प्रतिमा पर सशक्त महिला का चेहरा बन उभरी। दिशोम गुरु की पुत्रवधू कल्पना सोरेन ने माल्यार्पण कर स्थल को जागृत कर दिया। मौके पर निजी खर्च से झामुमो नेता श्री तिवारी ने नया रंग रूप आकार देने की घोषणा कर दी। इसके अलावे हजारों महिलाओं ने मंत्री बेबी देवी, मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह, रामचंद्र सिंह समेत आगंतुकों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। मौके पर महिला-पुरुष के हुजुम ने मईंया सम्मान योजना के तहत नारी शक्ति को सशक्त बनाने के लिए उठाये गये ऐतिहासिक कदम पर आभार जताया। कल्पना ने दिवंगत खुर्शीद की पत्नी रेहाना बीबी से मुलाकात कर उनका आभार जताया।

# रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय अंतर्गत तेतरी चंद्रवंशी फार्मेसी कॉलेज में विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर पलामू।** रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय अंतर्गत नावाडीह तेतरी चंद्रवंशी फामेसी कॉलेज में विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया। इसकी शुरुआत विश्व विद्यालय के चांसलर बतौर मुख्य अतिथि डॉ ईश्वर सागर चंद्रबंशी, कुलपति डॉ कल्याण कुमार, फार्मेसी के प्राचार्य उदयचंद्र अग्रहरी, एचओडी मुकेश ठाकुर, समाज सेवी इदरीश हवारी ने किया।





मुख्य अतिथि डॉ ईश्वर सागर चंद्रबंशी ने बधाई देते हुए कहा कि यह दिन दुनिया भर के फार्मासिस्ट को समर्पित होता है। फार्मासिस्ट फार्मास्यूटिकल प्रोडक्ट बनाते हैं। प्रोडक्ट के तरीके विकसित करते हैं और क्वालिटी कंट्रोल जैसे कार्य करते हैं। समय के साथ साथ फार्मासिस्ट का मांग बढ़ता जा रहा है, सरकार सबसे ज्यादा स्वास्थ्य में खर्च कर रही हैं, दवा का रिसर्च आपके माध्यम से की जाती है, आपकी सोच और समझ ही आपको आगे लेकर जाता है, जन कल्याण के लिए आपको रिसर्च कर के देश सहित विश्व में अपना नाम रौशन करने की जरूरत है। उन्होंने बधाई देते हुए कहा कि अगर हम स्वस्थ हैं तो इसके लिए फार्मासिस्ट के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। मौके पर कुलपति डॉ कल्याण कुमार ने कहा कि यह दिवस मना कर हम उन सभी फार्मासिस्ट को यह संदेश देते हैं कि वह हमारे लिए कितने जरूरी है। प्रिंसिपल उदय चंद्र अग्रहरी ने कहा कि 25 सितंबर 2009 से फार्मासिस्ट को समर्पित यह दिन उन्हें सम्मान देने तथा उन्हें उनके योगदान को उजागर करने के लिए विश्व फार्मासिस्ट दिवस के रूप में मनाया जाता है।

**ये रहे मौजूद :** मौके पर प्रोफेसर विधु भूषण, राहुल कुमार सिंह, आलोक कुमार, आदित्य कुमार, नित्यानंद कुमार, रामशिला कुमारी सहित कई छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### श्याम प्रकाश दुबे को अंडर 14 में प्रथम स्थान



**मेदिनीनगर /चैनपुर।** पलामू जिला स्कूल में चल रहे जिला स्तरीय खेलों झारखंड प्रतियोगिता 2024-25 जिला स्कूल मेदिनीनगर में चल रहे प्रतियोगिता में प्रखंड चैनपुर के तुर्क तलैया विद्यालय के छात्र श्याम प्रकाश दुबे अंडर 14 में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं शारीरिक शिक्षा शिक्षक साकेत शुक्ला ने बताया कि हमारे प्रयास में कोई कमी नहीं है परिणाम हमें उजार्वान बना दिया। अगले बार की प्रतियोगिता में विद्यार्थियों में और अधिक संख्या बढ़ेगा । साथ ही बधाई का हौसला आफजाई किया।

### कांग्रेस प्रदेश सचिव ने की जनसंपर्क यात्रा



**चैनपुर पलामू।** कांग्रेस प्रदेश सचिव लक्ष्मीनारायण तिवारी ने सदर प्रखंड के कई गांवों में जनसंपर्क यात्रा चलाया। उन्होंने सदर प्रखंड के ग्राम पोल पोल, भोगु, लहलहे, बारी, रजडेरवा एवं खामडीह जाकर लोगों की समस्या सुनी। साथ ही समस्या समाधान का आश्वासन दिया। यात्रा में रामेश्वर यादव, रामाश्रय पासवान, कमलेश यादव, गौतम तिवारी, संजय सिंह, पूर्व मुखिया रबीन्द्र सिंह, अनील सिंह, इबरार अंसारी, बाबर खान, साबीर खान, संजय चौधरी, बीगन भुइयां शामिल थे।

### सतौआ घाट से अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**पाटन पलामू।** पुलिस ने पाटन के सतौआ घाट से अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त कर थाना ले आयी है। साथ ही पुलिस कार्रवाई हेतु खनन विभाग को लिखा है। पाटन पुलिस गुप्त सुचना पाकर अवैध बालू लदा ट्रैक्टर पकड़ा। मालूम हो कि जिस गाड़ी को पाटन पुलिस के द्वारा पकड़ा गया वह ट्रैक्टर खेती के लिए सरकार पैक्स को उपलब्ध कराई है। अवैध बालू माफियाओं को पकड़ने के लिए पाटन सीओ प्रवीण कुमार सिंह ने लोगों को गुप्त सूचना देने को कहा है।

### भाजपाइयों ने पाटन में निकाली परिवर्तन रथ यात्रा



**पाटन पलामू।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने परिवर्तन यात्रा पाटन में निकाली। जिसमें पूर्व सांसद, विधायक रथ पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान, पाटन छतरपुर के भावी प्रत्याशी सह भाजपा नेता घुरन राम, प्रभात भुईयां चंद्रमा कुमारी, मधुलता कुमारी, विधायक पुष्पा देवी एवं सिधारी भुइयां को पाटन के लोगों ने गर्मजोशी के साथ बैदा मोड़ पर स्वागत किया।

# मंत्री बेबी देवी व विधायक कल्पना सोरेन के नहीं आने से लोग निराश



- मइयां सम्मान यात्रा के तहत पाटन प्रखंड परिसर में कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** मंइयां सम्मान यात्रा के तहत पाटन प्रखंड परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें मंत्री बेबी देवी, जोबा मांझी एवं विधायक कल्पना सोरेन को भाग लेना था लेकिन देर रात तक पाटन में उपस्थित नहीं होने से निराश लोगों को अपने घर लौटना पड़ा। इसे लेकर पाटन बीडीओ एवं प्रखंड कर्मियों ने लगभग एक सप्ताह से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए काफी मेहनत किया था। मइयां सम्मान यात्रा कार्यक्रम स्थल पर लोगों समेत महिलाओं की काफी भीड़ कल्पना सोरेन का भाषण सुनने के लिए उमड़ी थी लेकिन सभा स्थल पर मुख्य अतिथि के नहीं आने पर लोग लौट गये। मौके पर पाटन प्रखंड के सभी कर्मियों एवं जनप्रतिनिधि ने भाग लिया सभी उपस्थित जनप्रतिनिधि ने कार्यक्रम में अपने अपने विचार व्यक्त किये।

# पलामू के नदियों पर बराज बनाकर पानी को रोकने की जरूरत है : केएन त्रिपाठी

- सुकरी नदी को मलय डैम से जोड़कर क्षेत्र के खेतों में पहुंचाया जायेगा पानी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा पलामू।** पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी ने कहा कि सुकरी नदी को मलय डैम से जोड़कर खेतों में हरियाली व किसानों के खुशहाली लायी जा सकती है। सिंचाई व्यवस्था दुरुस्त करने से ही पलामू से भुखमरी, पलायन, बेरोजगारी तथा अन्य अंदरूनी समस्याएं दूर की जा सकती हैं। वे बुधवार को सतबरवा में बोल रहे थे। श्री त्रिपाठी ने कहा कि पलामू के नदियों पर बराज बनाकर पानी को रोकने की जरूरत है ताकि समय पर किसानों को खेतों तक पहुंचा जा सके। डाल्टनगंज भंडरिया विधानसभा क्षेत्र समस्याओं को देख पदयात्रा शुरू की है इसके कई चरण बीत चुके हैं। आगामी चुनाव में आपका आशीर्वाद मिला तो पुनः एक बार फिर से पलामू को विकसित जिला बनायेंगे। उन्होंने विपक्षी दल पर कटाक्ष कर कहा कि भाजपा हमेशा आपसी भाईचारा तथा सद्भाव को बिगड़ने के लिए देश के लोगों को धर्म व जाति में बांटती है।

# खेलकूद से बढ़ता है खिलाड़ियों का आत्मविश्वासः डॉ शशिभूषण मेहता

फोटो 25 डाल 06 व 07 पेज चार का फर्स्ट बॉटम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी कोनवाई हाई स्कूल के प्रांगण में राज्यस्तरीय फुटबॉल टूनामेंट आयोजित पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष स्वः बाल्मीकि सिंह के तस्वीर पर पुष्प अर्पित एवं माल्यार्पण किया। उनके याद में आयोजित फुटबॉल टूनामेंट फाइनल मैच का समापन किया गया। समापन मैच बंगाल राज्य के कोलकाता बनाम उत्तर प्रदेश के सोनभद्र बीच खेला गया। जिसमे उत्तर प्रदेश के सोनभद्र ने 1-0 से



विजेता टीम को पुरस्कृत करते पांकी विधायक।

फाईनल मैच जीतकर टूर्नामेंट पर कब्जा जमाया। दोनों टीमों द्वारा खेल का बेहतर प्रदर्शन किया गया। समापन कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने विजेता को 31000 नगद राशि शील्ड तथा उपविजेता को 25000 नगद राशि शील्ड वितरण किया। डा मेहता ने कोनवाई में राजनीतिक गुरु भूमि सुधार मंत्री स्वर्गीय मधु सिंह और स्वर्गीय अमरनाथ सिंह के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मौके पर विधायक ने कहा कि कभी जीत से इतराएं नहीं और हार से घबराए नहीं। खेलकूद से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन का एकमात्र उद्देश्य ग्रामीण खेल प्रतिभा को एक बेहतर प्लेटफार्म प्रदान कर उन्हें निखारना है, ताकि भविष्य में अपनी प्रतिभा का जलवा वे अपने जिला, राज्य और राष्ट्र के लिए बिखेर सके। उन्होंने कहा कि खेलकूद से आत्म विश्वास बढ़ता है। मौके पर स्व : बाल्मीकि सिंह की पत्नी और उनके पुत्र मनीष सिंह और मस्तान सिंह, मुखिया मंजू देवी, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, श्यामनंदन ओझा, लोरीक सिंह, समाजसेवी बृजदेव सिंह, शैलेन्द्र सिंह भी मौजूद थे।


# पैसा दीजिये, अबुआ आवास लीजिये : रेयासत अंसारी

- लाभुक ने मुखिया द्वारा रिश्वत मांगने की शिकायत बीडीओ से की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू)।** झारखंड सरकार राज्य वासियों के लिए महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास की शुरूआत की हैं । ताकि राज्य के गरीब लोगों को भी पक्का का मकान हो जाये। गरीब को रहने का रैन बसेरा हो सकें, लेकिन चैनपुर प्रखंड में इस योजना को लेकर लाभुकों द्वारा मुखिया मीना देवी पर गबन व उगाही का आरोप लगाया गया हैं। ऐसा ही मामला प्रखंड क्षेत्र के नरसिंहपुर पथरा निवासी रेयासात अंसारी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर शिकायत की है।

अबुआ आवास योजना में जांच कर योग्य लाभुक को अबुआ आवास का लाभ नहीं दिया जा रहा



आवेदन की प्रति सार्वजनिक करते रेयासत अंसारी।

हैं । वहीं रेयासत अंसारी ने आरोप लगाया है कि मुखिया मीना देवी द्वारा अबुआ आवास योजना में 30 हजार रुपए लेकर अयोग्य लाभुक को योग्य कर आवास के सूची में नाम जोड़ दिया जा रहा है। जैसे में गांव के ही पिरमोहम्मद अंसारी का पहले से पक्के का मकान है लेकिन उससे पैसे लेकर उसका नाम सूची से जोड़ दिया गया है जबकि वैसे लोगों को अबुआ आवास योजना का लाभ मिल रहा हैं जो इसकी श्रेणी में नहीं आते हैं।

जिन लोगों को इस योजना का आवश्कता हैं। वह अभी तक इस योजना से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि वैसे लोगों को इस योजना का लाभ दिया जा रहा हैं जो आर्थिक रूप से मजबूत हैं। जिसको आवास की आवश्कता नहीं हैं। योग्य लाभूक को पक्के मकान की आवश्कता हैं वैसे लाभुक मिट्टी के मकान व त्रिपाल लगाकर रहने पर मजबूर हैं। पंचायत सचिव रमेश मेहता ने बताया कि हो जाएगा अभी लेट होगा।

## स्पीड न्यूज

### नेतरहाट के छात्रों ने पॉलिटेक्निक कॉलेज गुमला का किया शैक्षणिक भ्रमण



गुमला। नेतरहाट आवासीय विद्यालय के कक्षा 9 के छात्रों के समूह ने डिप्लोमा इंजीनियरिंग पर केंद्रित कैरियर मार्गदर्शन और जागरूकता कार्यक्रम के तहत गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज का भ्रमण किया। विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार, शिक्षक डॉ अभिषेक मिश्रा और डॉ नरेंद्र कुमार मंडल भी उनके साथ थे। इस दौरे का उद्देश्य छात्रों को डिप्लोमा इंजीनियरिंग से संबंधित भविष्य के शैक्षिक मार्गों के बारे में प्रेरित करना था। दिन की शुरूआत मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, ऑटोमोबाइल, सिविल और माइनिंग इंजीनियरिंग सहित विभिन्न शाखाओं में विभिन्न प्रयोगशालाओं के दौरे से हुई। इस व्यावहारिक अनुभव ने छात्रों को इंजीनियरिंग के व्यावहारिक पहलुओं से जुड़ने और कॉलेज में उनके लिए उपलब्ध सुविधाओं को देखने का मौका दिया। सेमिनार हॉल में डिप्लोमा कार्यक्रमों में नामांकन के लाभों पर सेमिनार आयोजित किया गया। सभा को प्राचार्य डॉ शिबा नारायण साहू ने संबोधित किया। नेतरहाट आवासीय विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार ने भी छात्रों के साथ बातचीत की और तकनीकी शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। दौरे का समन्वय प्राचार्य डॉ शिबा नारायण साहू, प्रमुख प्रशासनिक अधिकारी अजीत कुमार शुक्ला और गुमला पॉलिटेक्निक के समर्पित संकाय सदस्यों द्वारा किया गया।

### वक्फ बोर्ड के चेयरमैन चुनाव में जेएमएम ने दिया कांग्रेस को धोखा: आशिक अंसारी

गुमला। झारखंड प्रदेश मोमिन कांफ्रेंस रांची के उपाध्यक्ष आशिक अंसारी ने कहा है कि वक्फ बोर्ड झारखंड के चेयरमैन के चुनाव में जेएमएम ने कांग्रेस पार्टी के साथ धोखाधड़ी किया है। झारखंड के मोमिन अंसारी के साथ भी दगाबाजी किया है। इसका असर झारखंड में आने वाले चुनाव में देखने को मिल सकता है। सरफराज अहमद को राज्य सभा में भेजा गया। फिर उन्हें वक़्फ बोर्ड का चेयरमैन बनाना सही नहीं है। सरफ्रराज जिस बिरादरी से आते हैं उसकी आबादी झारखंड में बहुत ही कम है। जबकि अंसारियों व पिछड़े मुसलमानों की आबादी 90 प्रसेंट है।

### दुर्गा पूजा के दौरान निर्बाध बिजली व पेयजल आपूर्ति की मांग

गुमला। श्री बड़ा दुर्गा मंदिर पूजा समिति के सचिव रमेश कुमार चीनी ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर दुर्गा पूजा के दौरान बुनियादी सुविधाओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए समाधान की मांग की है। कुमार ने कहा कि 3 अक्टूबर को कलश स्थापन के साथ शारदीय दुर्गा पूजा आरंभ होगी। वहीं विजय दशमी का त्योहार 12 अक्टूबर को मनाया जाएगा। दुर्गा पूजा को लेकर सभी मंदिरों व पूजा पंडालों में भक्तों की भीड़ उमड़ती है। जिसको लेकर उन्होंने उपायुक्त से शहरी क्षेत्र के मुख्य मार्गों सहित कई मुहल्लों के उप पथों में बने बड़े-बड़े गड्ढों को तत्काल भरने की मांग की है। वहीं नवरात्रा व दुर्गा पूजा के दौरान शहर में निर्बाध बिजली व पेयजल की आपूर्ति करने, शहर के विभिन्न स्थानों पर लुंज-पुंज अवस्था के विद्युत तारों को दुरूरुत करने, शहर के खराब पड़े स्ट्रीट लाइट व हाई मस्ट लाईट को ठीक करने, जशपुर रोड बंगाली क्लब से कुम्हार मोड़ लोहरदगा रोड तक खुलेआम मांस मछली की बिक्री पर रोक लगाने, शहर के साथ-साथ पूजा पंडालों के पास विशेष सफाई अभियान चलाने, पूजा के दौरान शहरी क्षेत्र में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से शहर के सभी पूजा पंडालों में सुरक्षा बलों की तैनाती की मांग की। कुमार ने उपायुक्त से शहर के सड़क के किनारे लगे विशालकाय वृक्षों के जर्जर हो चुकी टहनियों को भी सुरक्षा के दृष्टिकोण से हटाने की मांग की।

### गुमला जिला में प्रथम चरण में 3 हजार स्थानों में लगेगा सोलर स्ट्रीट लाइट

गुमला। गुमला जिले के विभिन्न स्थानों को सोलर स्ट्रीट लाइट से आच्छादित करने की प्रक्रिया अब प्रारम्भ कर दी गई है। प्राप्त डेटा अनुसार प्रथम चरण में गुमला जिले के अतिसुदूरवर्ती क्षेत्रों में स्थित 387 ग्रामों से चिन्हित कुल 2015 स्थानों में सोलर स्ट्रीट लाइट का अधिष्ठापन जिला प्रशासन के अनुशंसा पर जरेडा, ऊर्जा विभाग झारखंड सरकार के द्वारा किया जाएगा। जिसके तहत विशुनपुर अंतर्गत 295, घाघरा अंतर्गत 315, सिसई अंतर्गत 260,भरनो अंतर्गत 235, कामडारा अंतर्गत 195 बसिया अंतर्गत 150 एवं गुमला अंतर्गत 285 स्थानों में सोलर स्ट्रीट लाइट का अधिष्ठापन किया जाएगा। जिसका कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है। इसके अलावा जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के मुख्य चौक चौराहों पर जिला योजना कार्यालय के द्वारा 1224 सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने हेतु सूची जेरेड रांची को भेजी गई है। बताते चले कि उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के द्वारा कुछ दिनों पूर्व नागरिकों से सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने हेतु अपने क्षेत्र अंतर्गत चिन्हित स्थानों की भी सूची की मांग की गई थी। उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों से प्राप्त आवेदनों के आधार पर ही जिले के विभिन्न स्थानों का चयन करते हुए सोलर स्ट्रीट लाइट का अधिष्ठापन करने का कार्य किया जा रहा है। शेष बचे आवेदनों पर अगले चरण में कार्रवाई किया जाएगा।

### परिवर्तन संकल्प यात्रा में सिसई व गुमला में रोड शो करेंगे शिवराज सिंह चौहान

गुमला। भाजपा द्वारा आयोजित राज्यव्यापी कार्यक्रम परिवर्तन संकल्प यात्रा में केंद्रीय कृषि मंत्री सह झारखण्ड के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान शामिल होंगे। 26 को परिवर्तन संकल्प यात्रा जिले में आरंभ होगी। शिवराज सिंह चौहान संकल्प रथ यात्रा के साथ सिसई में 3 बजे, गुमला नगर में संध्या 5 बजे रोड शो करेंगे। वहीं शहीदों को माल्यार्पण कर जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं रायडीह में 12 बजे गोरखपुर के सांसद सिने स्टार रवि किशन रोड शो करेंगे, जनसभा को संबोधित करेंगे। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी अरविंद कुमार मिश्रा ने दी है।

### स्वच्छता ही सेवा अभियान को लेकर साइकिल रैली आज

लोहरदगा। स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत बुधवार को नगर परिषद क्षेत्र में साइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा। रैली सुबह 7 बजे समाहरणालय मैदान से प्रारंभ होकर मैना बगीचा, जुरिया रोड, बीएस कॉलेज मोड़, बरवाटोली चौक, न्यू रोड होते हुए पावरगंज चौक, साइडिंग, कचहरी मोड़ होते हुए वापस समाहरणालय मैदान में सम्पन्न होगी।

# पं दीनदयाल उपाध्याय की स्मृतियां देशवासियों के दिल में सदैव जीवंत रहेगा: कमलेश उरांव

## दीनदयाल उपाध्याय के 108 वीं जयंती पर भाजपाईयों ने दी श्रद्धांजलि, किया नमन

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक कमलेश उरांव।

गुमला। भारतीय जनता पार्टी के दिव्य महापुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 108 वीं जयंती पर भाजपा गुमला जिला द्वारा सिद्धिविनायक होटल में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनकी जयंती धूमधाम से मनाई गई। साथ ही कार्यक्रम में उनके महान सोच को आत्मसात कर देश को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। आगत अतिथियों द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय-श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए सामूहिक वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिला अध्यक्ष शिवप्रसाद साहू ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवनी पर प्रकाश डालाते हुए कहा 25 सितंबर 1916 को बृजधाम मथुरा में जन्मे पंडित दीनदयाल उपाध्याय विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। उनके माता-पिता का स्वर्गवास बाल्यावस्था में ही हो गया था। इतनी बड़ी त्रासदी होने का बावजूद उन्होंने राष्ट्र के समग्र विकास के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। 1931 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़कर देश सेवा को चुना। जिनकी दृष्टि विजन चिंतन ने समाज के अंतिम व्यक्ति के विकास का जो पैमाना 70 साल पहले दिया था उसको मूर्त रूप देने के लिए बीजेपी आगे बढ़ रही है। महामानव पण्डित हमेशा भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। पूर्व विधायक कमलेश उरांव ने कहा जनसंघ के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय जनसंघ को राजनीति में स्थापित किया। उनके चिंतन में गांव, गरीब किसान समाज के अंतिम व्यक्ति का विकास का जो सपना था। उसको लक्ष्य मानकर बीजेपी आगे बढ़ रही है। गरीब कल्याण के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिन रात लगे हुए हैं। उन्होंने कहा अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की स्मृतियां भारतवासियों का दिल में सदैव जीवंत रहेगी। राष्ट्र प्रेम राष्ट्रभक्ति के दूत के रूप में उनको याद किया जाएगा। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनुपचंद्र अधिकारी ने कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी 1953 से 1968 तक भारतीय जनसंघ के नेता रहे जो मजबूत और सशक्त भारत चाहते थे, वसुधैव कुटुंबकम को आधार मानकर अपनी लेखनी पत्रकारिता व गहन चिंतक के माध्यम से एकात्मक मानववाद का संदेश भारतीय लोकतंत्र को दिया। उन्होंने कहा भारत में रहने वाला देश के प्रति ममत्व का भाव रखने वाला ही भारतीय संस्कृति है। इस संस्कृति में निष्ठा रखना ही देश प्रेम है,जो भाजपा का मूलमंत्र है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री रामावतार भगत एवम धन्यवाद ज्ञापन जिला कोषाध्यक्ष निर्मल गोयल ने किया। मौके पर जिलाध्यक्ष शिवप्रसाद साहु, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनुपचंद्र अधिकारी, महामंत्री यशवंत सिंह, रामावतार भगत, जिला उपाध्यक्ष रविंद्र सिन्हा, नगर अध्यक्ष बबलू वर्मा, निर्मल गोयल, शकुंतला उरांव, रामेश्वरी उरांव, अरविंद मिश्रा युवा मोर्चा अध्यक्ष संदीप प्रसाद, श्याम गुप्ता, राजकुमार दीनबंधु, संजीव कुमार कुलदीप साहू, अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष छोटेलाल उरांव भगत, राजेश सिंह, शंभू सिंह, हरमीत सिंह, अनिकेत कुमार,पिछड़ी जाति मोर्चा अध्यक्ष अशोक साहु, अविनाश कुमार,विजय राम संतोष देवघरिया, जयप्रकाश साहू, संजय साहु सुरेंद्र प्रसाद गुप्त, रीता देवी व प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विधानसभा चुनाव में भाकपा बदलाव के नारे के साथ उतरेगी मैदान में: महेंद्र उरांव

भाकपा की बैठक संपन्न
विशुनपुर विधानसभा से उम्मीदवार उतारने का निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता



गुमला। भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी जिला परिषद गुमला की बैठक बुधवार को इनडोर स्टेडियम गुमला में बसंत गोप की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला सचिव कामरेड महेंद्र उरांव ने पार्टी का कार्य प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि विशुनपुर विधानसभा क्षेत्र से पार्टी दम खम के साथ चुनाव में उतरेगी। जनता के मूल भूत समस्या का निराकरण पलायन विस्थापन समता जजमेंट को लागू कराने बेरोजगारी व महंगाई जल जंगल जमीन की हिफाजत आदि मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएगी। विधानसभा में एक बदलाव के नारे को लेकर पार्टी के कार्यकर्ता गांव गांव जाकर जनता को संदेश देने का काम करेंगे। बसंत गोप ने कहा कि किसान मजदूर की हक और अधिकार के लिए पार्टी हमेशा संघर्ष करते आ रहा है। अब समय है क्षेत्र में एक नयी सुबह लाने की। क्षेत्र का विकास लाल झंडा से ही संभव है। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि 6 अक्टूबर को टोटो में विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन रखी जाएगी। अनिल कुमार असुर ने कहा कि पाठ क्षेत्र में भरपूर खनिज है। हिंडाल्को जैसे खनन कम्पनी बाक्साइट की दोहन करने में लगी है। आदिम जनजाति व अन्य जनजाति के जमीन से खनन कार्य हो रहा है। सता में बैठे लोग कारपोरेट घरानों को लाभान्वित करने के लिए पेसा कानून समता जजमेंट को लागू नहीं कर रहे हैं। बैठक में विशुनपुर प्रखंड सचिव कामरेड सुरेन्द्र मुंडा, सुखदेव उरांव, सजीत उरांव, पुनित उरांव, अनिल कुमार असुर, महेंद्र उरांव, बसंत गोप उपस्थित थे।

## चार करोड़ अठत्तर लाख की लागत से कुल 121 योजनाओं का किया गया उद्घाटन व शिलान्यास

# क्षेत्र के विकास के लिए तत्पर हूं : डॉ उरांव

रामेश्वर उरांव बेहतर कार्य कर रहे : धीरज प्रसाद साहू

खबर मंत्र संवाददाता





लोहरदगा। स्थानीय विधायक सह वित मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव एवं पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के द्वारा लोहरदगा जिला परिषद कार्यालय में विधायक निधि से निर्मित योजनाओं का उद्घाटन किया गया। मंत्री डॉ उरांव ने कहा कि विधायक निधि जनता का है और यह लोहरदगा की जनता के विकास के लिए समर्पित है। विभिन्न प्रखंडों में प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया गया है ताकि जनता की आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। जिसमे सभी वर्गों के समुचित सुविधाओं का ध्यान रखा गया है और लोहरदगा के विकास के लिए तत्पर हूं। पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि रामेश्वर उरांव बेहतर कार्य कर रहे हैं। जब से इनको लोहरदगा की सेवा करने का मौका मिला इन्होंने इसे बखूबी पूरा किया है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, जिप अध्यक्ष रीना कुमारी, जिप सदस्य संदीप गुप्ता, ठाकुर प्रसाद, सत्यदेव भगत, तनवीर गौहर, युनुस अंसारी, जुगल भगत, विनोद खेरवार, विशाल डुंगडुंग, मुनीम अंसारी, ताल्हा अंसारी, इम्तियाज अंसारी, दीपक महतो, निश्चय वर्मा, रेहान अख्तर, अंसार अहमद, मोइज अंसारी, काले उरांव, समीम अंसारी, सल्लौदीन अंसारी, परवेज अंसारी, सोमा उरांव, फगुवा उरांव, राजकुमार साहू, वासुदेव, जैनुल, परीखा मुंडा, समसूल, नकुल, जतरु उरांव, अवधेश, जसीम, नकुल उरांव, भंडारी उरांव, विजय, नबलू हसन, शशिकांत, खुर्सिद, अरविंद पाठक, रंजीत, मृत्युंजय, कुलदीप आदि उपस्थित थे।

**कैरो के हनहट एवं किस्को के पतरातु में जल्द बनेगी सड़क**

स्थानीय विधायक डॉ रामेश्वर उरांव और धीरज प्रसाद साहू द्वारा प्रखंड कैरो के ग्राम हनहट में मदरसा चौक से एडादोन तक 17 किमी एवं प्रखंड किस्को के ग्राम पतरातु में आरईओ पथों का शिलान्यास किया। मंत्री ने कहा कि विगत कई वर्षों से यह सड़क क्षतिग्रस्त थी जिससे ग्राम वासियों का आवागमन बाधित हो रहा था। क्षेत्र भ्रमण के दौरान जनता ने मुझे इससे अवगत कराया था।

## एनएसउस के द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन



चैनपुर। परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज चैनपुर में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत बुधवार को युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कॉलेज के एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना और उन्हें स्वच्छता अभियान से जोड़ना था। प्रोग्राम ऑफिसर अंजना कुजूर ने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला और युवाओं को इस अभियान का सक्रिय भागीदार बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि समाज में स्वच्छता बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है और इसमें युवा महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने स्वच्छता से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार साझा किए।

## पुत्र के दीर्घायु जीवन के लिए मां ने रखी जिउतिया व्रत

खबर मंत्र संवाददाता



जिउतिया पूजा करती महिलाएं।

गुमला। पुत्र के दीर्घायु जीवन के लिए महिलाओं ने बुधवार को दिन भर निर्जला उपवास रखा और आस्था व विश्वास के साथ भगवान जितबाहन की पूजा की। गुमला के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जिउतिया का पर्व श्रद्धा और भक्ति से मनाया गया। शहरी क्षेत्रों में शाम होते ही मंदिरों में जिउतिया की पूजा आरंभ हो गई। पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जिउतिया डाली की विधि पूर्वक पूजा कराया और व्रतियों को जीवित पुत्रिका व्रत की कथा सुनाई। जिउतिया व जीवित पुत्रिका व्रत मां अपने पुत्रों के सुख शांति समृद्धि व लम्बी उम्र के लिए करती हैं। इस व्रत के लिए महिलाएं दो दिन लगातार या एक दिन उपवास रखती है। शाम में जिउतिया डाली को साक्षी मानकर भगवान जितबहान की पूजा करते हैं और जीवित पुत्रिका व्रत की कथा श्रवण करते हैं। कथा के माध्यम से पुरोहित अपने सगे संबंधी से ईर्ष्या नहीं करने और आपस में स्नेह भाव से रहने का संदेश देते हैं। इस व्रत में धूप दीप नैवेद्य के साथ पूजा होती है। ग्रामीण क्षेत्रों में देर रात तक इसकी पूजा होती है और अहले सुबह जितिया डाली को विर्सजित कर दिया जाता है। जिउतिया डाली विर्सजन के बाद व्रतियों ने अपने घरों में पारम्परिक तरीके से पारण किया और अपने सगे संबंधियों को गड़न पहनाकर आशीर्वाद दिया।

### ऐतिहासिक बघमरवा जतरा 28 को तैयारी पूरी

भंडरा। प्रखंड के वकील अंबवा गांव में 28 सितम्बर को ऐतिहासिक बघमरवा जतरा का आयोजन किया जायेगा। जतरा को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। इस सम्बन्ध मे जतरा के सयोजक बिन्देश्वर उरांव ने बताया ऐतिहासिक बघमरवा जतरा को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई। उन्होंने कहा की जतरा झारखंडी सभ्यता संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। जतरा में प्रदेश की संस्कृति का अनूठा झलक देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि आज झारखंडी पारंपरिक सभ्यता संस्कृति को बचाने की जरूरत है। उन्होंने बताया की बघमरवा जतरा में कोटा, धोबाली, पझरी, बिटपी, सेमरा, सोरन्दा, भौरों, नवडीहा, भंडरा, नवाटोली, मकुंदा, नगड़ी, सहित दर्जनों गांव के खोड़हा समूह अपने पारंपरिक वेश-भूषा में खोड़हा समूह जतरा में भाग लेंगे। उन्होंने क्षेत्र के जनता से अधिक से अधिक संख्या मे ऐतिहासिक जतरा मे भाग लेने की अपील की।

### केंद्र व राज्य सरकार ननबैंकिंग कंपनियों में जमा पैसे का जल्द कराये भुगतान : विजय सिंह



घाघरा। संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी, झारखंड नवनिर्माण दल व ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच की संयुक्त बैठक घाघरा ब्लॉक परिसर में महिला नेत्री पुष्पा उरांव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित पार्टी नेता सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि सहारा इंडिया सहित दर्जनों ननबैंकिंग कंपनी में जमा पैसे केंद्र व राज्य सरकार जल्द भुगतान नहीं करायी तो हजारों जमाकताओं को एकजुट कर आंदोलन को तीखा किया जाएगा। श्री सिंह ने सहारा इंडिया, एपीलाईन, साईं प्रकाश, पल्स, विश्वामित्र, वेलफेयर, विकास, इत्यादि दर्जनों ननबैंकिंग कंपनी में जमा पैसे की जल्द भुगतान की मांग, महिलाओं की समस्या तथा जनहित के सात-सूत्रीय मांग को लेकर आयोजित 27 सितंबर को मोरहाबादी मैदान से राजभवन तक झारखंड बचाओ रैली में तथा 29 सितंबर को जिला मुख्यालय गुमला में आयोजित रैली में जमाकर्ता, महिला, मजदूर, किसान व बेरोजगारों से हजारों की संख्या में भाग लेने की अपील की है। वहीं महिला नेत्री पुष्पा उरांव ने कहा कि महिलाओं पर हो रही अत्याचार पर रोक लगाने, सिर्फ ट्रेनिंग नहीं बल्कि रोजगार देन, महिला मंडल को दिया गया सभी तरह का लोन माफ करने, अनुदान देने, व्यवसाय के लिए पूंजी देने जैसे मांग को लेकर 29 सितंबर 2024 को गुमला दूंदरिया पुराना बस डिपू मैदान से निकलने वाली झारखंड बचाओ रैली में हजारों की संख्या में महिलाओं से आने की अपील श्रीमती उरांव ने की है। बैठक में पार्टी नेता प्रकाश उरांव, शिवप्रसाद साहू, आदित्य सिंह, शंकर उरांव, सुखदेव कुमार, बादल कुमार सिंह, कुशमा मिंज, मालती देवी, रुक्मणी देवी, कमला देवी, सुषमा देवी, सहित महिला व पुरुष उपस्थित थे।

# कल्याणकारी योजना को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य : संतोष पांडेय

## भाजपाइयों ने मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

खबर मंत्र संवाददाता





लोहरदगा। भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला कार्यालय सभागार में बुधवार को कुशल संगठनकर्ता सह जनसंघ के अध्यक्ष रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 108 वी जयंती मनायी गई। इसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मनीर उरांव ने की। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर की गई। मौके पर छत्तीसगढ़ के सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि हमारा लक्ष्य हर जन कल्याणकारी योजनाओ को समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक पहुचाना है, इस विचार को पंडित दीनदयाल उपध्याय ने लाया जिसे पार्टी ने अपना मिशन बना लिया। छत्तीसगढ़ के पूर्व विधायक सियाराम साहू ने कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने जीवन प्रणाली, कला, साहित्य, दर्शन सब भारतीय संस्कृति है। इसलिए भारतीय राष्ट्रवाद का आधार यह संस्कृति है। प्रदेश मंत्री सह लोहरदगा जिला प्रभारी सुनीता सिंह ने कहा कि भारतीय चिंतन में दीनदयाल उपाध्याय का विशेष स्थान है क्योंकि भारतीय जीवन पद्धति में समाहित एकात्म मानववाद को आधुनिक ढंग से प्रस्तुत किया। जिलाध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि उपाध्याय जी का जन्म आज ही के दिन 25 सितंबर 1916 को उत्तप्रदेश के मथुरा नगला चन्द्र भान गांव में हुआ था। दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानव दर्शन के प्रेरणा एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य थे। साथ ही भारतीय राजनीतिक चिंतक और राजनेता थे। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष राजकिशोर महतो ने भी उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री पशुपति पारस तथा धन्यवाद ज्ञापन संजय कुमार ने की। इस मौके पर युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष आजाद शत्रु, पूर्व जिलाध्यक्ष राजमोहन राम, नवीन कुमार टिंकु, अजय पंकज बाल कृष्णा सिंह, अनिल उरांव, मीना बाखला, सरिता देवी, बाल्मीकि कुमार, शम्भू सिंह, मिथुन तमेडा, प्रकाश नायक, ओम गुप्ता, अशोक साहू, सुदामा साहू, राजकिशोर साहू, राजकुमार मुंडा, विश्वजीत भारती, विवेक सोनी, सचिन साहू, राजेन्द्र महतो, रामकुमार खेरवार सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# घाघरा में धलड़ले से चल रहा है अवैध बॉक्साइट का कारोबार

## सीओ घाघरा ने दो बार जिला खनन पदाधिकारी को मामले पर किया पत्राचार, नहीं हुई कार्रवाई

>> बिना वजन किये ही बॉक्साईट की हो रही है बिक्री, कम बॉक्साईट का चलान कराकर वाहनों में अधिक लोड कर भेजा जा रहा है

खबर मंत्र संवाददाता

घाघरा। घाघरा प्रखंड के गम्हरिया में धड़ल्ले से अवैध बॉक्साइट का कारोबार हो रहा है। शिकायत के बाद भी अधिकारी कार्रवाई नहीं करते जिससे माफियाओं का मनोबल सातवेंआसमान पर है। मामला गम्हरिया गांव के लरंगो सड़क पर मां भगवती इंटरप्राइजेज के नाम पर डंपिंग यार्ड बनाया गया है। जहां पर सीटीओ का अनुपालन नहीं किया जा रहा है। यहां तक की सीटीओ लेने में भी सीटीओ लेने की जो प्रक्रिया होती है उसे दरकिनार कर सीटीओ लिया गया है। इतना ही नहीं बॉक्साइट माफिया जंगल से बॉक्साइट कबाड़ कर लाते हैं और उसे बगैर वजन के ही बाजार में बेच रहे हैं। जिससे लाखों रुपया का राजस्व का नुकसान सरकार को हो रहा है। भगवती इंटरप्राइजेज के द्वारा माप तौल यंत्र नहीं लगाया गया है। अंदाजा से बॉक्साइट की बिक्री की जा रही है। चलान कम का और गाड़ी में बॉक्साइट अधिक लोड कर भेजा जा रहा है। जिस जगह पर भगवती इंटरप्राइजेज के द्वारा डंपिंग बनाया गया है। उस जगह से 15 किलोमीटर दूर-दूर तक कोई वजन करने वाला धर्म कांटा मौजूद नहीं है और ना ही भगवती इंटरप्राइजेज के पास धर्म कांटा लगाया गया है। बावजूद बॉक्साइट का अवैध कारोबार किया जा रहा है। इस पूरे मामले को लेकर के घाघरा अंचल अधिकारी ने जिला खनन पदाधिकारी को दो बार पत्राचार करके अवैध कारोबार के विषय में अवगत कराया है। लेकिन अब तक खनन विभाग के द्वारा कार्रवाई नहीं किया जाना व्यवस्था में सवाल खड़ा करता है। डंपिंग यार्ड में पक्की चार दिवारी नही बनाया गया है। जिस कारण प्रदूषण भी इलाके में व्याप्त मात्रा में फैल रहा है। जिससे लोग बीमार भी हो रहे हैं।

**जल्द बंद होगा अवैध कारोबार : सीओ**



इस संबंध में सीओ आशीष कुमार मंडल से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि गड़बड़ी की जांच के लिए वरीय अधिकारियों को पत्राचार किया गया है। जल्द ही कार्रवाई वरीय अधिकारियों के द्वारा किया जाएगा। ऐसे अवैध कारोबार को बंद कराया जाएगा और दोषियों के विरुद्ध प्राथमिकी की दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। ताकि सरकार को राजस्व का नुकसान ना हो।

**माफिया मस्त गरीब है पस्त**

अवैध खनन और परिवहन को लेकर बड़े-बड़े माफिया धड़ल्ले से अपना माफियागिरी करके बॉक्साइट बालू जैसे खनिज संपदा को बेचकर करोड़ों रुपया का राजस्व सरकार को चपत लग रहे हैं। वहीं कार्रवाई के नाम पर खनन विभाग के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना अबूआ आवास योजना में ट्रैक्टर से बालू ढूलाई किया जाता है उसे पर कार्रवाई करके खानापूर्ति किया जाता है। निश्चित रूप से पूरे मामला काफी गंभीर और संगीन है। इस पर जांच होनी चाहिए और कार्रवाई होनी चाहिए।

# भंडरा : विकास योजनाओं को लेकर बीडीओ और सीओ ने जनप्रतिनिधि संग की बैठक

खबर मंत्र संवाददाता



भंडरा। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉक्टर आशा लकड़ा के निर्देश पर बुधवार को प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन में विकास योजनाओं को लेकर बैठक संपन्न हुई। बैठक में बीडीओ प्रतिमा कुमारी, सीओ दुर्गा कुमार व प्रखंड प्रमुख राजमणि कुमारी ने सभी पंचायत के जनप्रतिनिधियों से अपने-अपने पंचायत में लंबित जन समस्याओं को लेकर आवेदन जमा लिया साथी उनकी समस्याओं के निदान को लेकर विभाग वार आवेदक को सत्यापन करते हुए भेजे जाने की बात कही है। साथ सभी पंचायत से प्राप्त आवेदन को प्राथमिकता के साथ कार्यों को निष्पादन करने का भरोसा दिलाया है। इस दौरान बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा कि राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य आशा लकड़ा के दिशा निर्देश अनुसार सभी पंचायत में लंबित योजनाओं को लेकर सूची तैयार किया जाना है इसके साथ ही पंचायत स्तर में होने वाली योजनाओं का कार्य पंचायत के जनता द्वारा कराया जाएगा। जबकि कुछ योजनाएं ऐसे हैं जिन्हें पंचायत स्तर से नहीं किया जा सकता। वैसे योजनाओं को विभाग बार पत्र प्रेषित करें उन योजनाओं को निविदा के माध्यम से कराया जाएगा। धूम कुड़िया भवन चेक डैम सहित का योजनाओं से संबंधित आवेदन जमा किया। इस मौके पर मुखिया ममता कुमारी, टेले उरांव, सुमन्ति तिग्गा, धनेश्वरी देवी, कइली उरांव, सुमित्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## चंदवा में मंईयां सम्मान यात्रा कार्यक्रम और सभा मे गरजी कल्पना सोरेन, कहा

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हाथों में सुरक्षित है झारखंड







- भाजपा के परिवर्तन यात्रा पर कसा तंज कहा जनता को बरगलाने के लिए राज्य में बाहरी बहरूपिया घूम रहा है
- हेमंत ने झारखड के विकास को नया आयाम दिया है: बैद्यनाथ राम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** पूर्व निर्धारित मंईयां सम्मान यात्रा (जिला भ्रमण) कार्यक्रम के तहत बुधवार को राज्य की महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा मंत्री बेबी देवी, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री दीपिका पांडे सिंह, शिक्षा मंत्री वैद्यनाथ राम व गांडेय विधायक सह झामुमो महिला मोर्चा केंद्रीय अध्यक्ष कल्पना मुर्मू सोरेन का चंदवा में आगमन हुआ, जहां इन्होंने होटल हाइवे हिल प्रांगण आयोजित मंईयां सम्मान सभा को संबोधित किया। सभा को संबोधित करते हुए गांडेय विधायक कल्पना सोरेन जमकर गरजी व कहा कि हेमंत सोरेन के हांथो में झारखंड राज्य सुरक्षित है। हेमंत सोरेन सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाएं सभी के लिए है। इन्होंने विपक्ष में बैठी भारतीय जनता पार्टी राज्य पर हमला बोलते हुए कहा कि माताओं बहनों को सशक्त बनाने को लेकर चलाई जा रही मंईयां सम्मान योजना को भी षड्यंत्र के तहत रोकने का प्रयास भाजपा कर रही है। भाजपा अपने लोगो के माध्यम से योजना को बंद करने के लिए न्यायालय में याचिका दायर करवा रही है। कल्पना ने महिलाओं से पूछा कि क्या राज्य में मंईयां सम्मान योजना बंद कर देना चाहिए जिस पर महिलाओं ने हाथ हिलाकर इसे बंद नही करने की बात कही। विधायक कल्पना सोरेन कहा कि मंईयाँ सम्मान माताओ को बांधने वाली डोर है। नारी शक्ति जो हर किसी के घर में है और उनका सम्मान के साथ जीवन व्यतीत करने आत्मसम्मान के साथ जीवन व्यतीत करने के लिए एक प्रोत्साहन राशि है। ताकि वह उसको अपने ऊपर खर्च कर सके और अपनी जो भी जरूरत है उसको पूरा कर सके। हमारी योजना के लिए उनको यह बर्दाश्त नहीं हो रहा है कि झारखंड की बेटियों और बहनों के चेहरों को खुशी आये। आप लोग ध्यान रखिएगा आपके चेहरे की मुस्कुराहट का कारण कौन है और आपकी चेहरे से मुस्कुराहट हटाने का काम कौन करता है। झारखंड में जितनी भी योजनाएं चल रही है उसका सारा का सारा क्रेडिट जाता है तो हमारे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जाता है। और मैं तहे दिल से आप सभी का धन्यवाद देती हूं कि आप लोग भारी संख्या में यहां आए हैं। और इस मंईयां यात्रा की अगुवाई हमारे झारखंड की मंत्री बेबी देवी कर रही है। उनके साथ हम लोग इस यात्रा का साथी बने हुए हैं। यह नीलांबर पीतांबर की धरती है। उंन्होने इस योजना समेत सभी का जिंदाबाद भी किया। अंत मे उंन्होने सभी माताओ बहनों को जितिया पर्व की ढेर सारी बधाई भी दी।

वहीं शिक्षा मंत्री वैद्यनाथ राम ने गठबंधन सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि हेमंत ने झारखड के विकास को नया आयाम दिया है। आज के सभा मे माताओं-बहनों की भींड बता रही है कि हेमंत सरकार की योजनाओं से महिलाओं को सम्मान मिला है। हमारी सरकार ने किसानो, मजदूरों, वृद्ध, विद्यार्थी व युवा के लिए कई योजनाएं चलाई है, जिसका लाभ सीधे उनतक पहुंच रहा है। इसके पूर्व सभा मे पहुंची विधायक कल्पना सोरेन, मंत्री बेबी देवी, दीपिका पांडेय सिंह, वैद्यनाथ राम का पारंपरिक तरीके से आदिवासी रीति रिवाज में भव्य स्वागत किया गया। इसके पश्चात कल्पना सोरेन के नेतृत्व में पहुंचे मंत्रियों का काफिला पथ निर्माण विश्रामागार पहुंची जहां 261 लोगो ने झामुमो की सदस्यता की। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष अरुण दुबे, दीपू सिन्हा, झामुयूमो जिला अध्यक्ष रंजीत उरांव, सुरेश गंझू, मनोज चौधरी, डब्लू प्रजापति, सरफराज, मनोज पासवान, कुमार नवनीत, जतरु मुंडा, ब्रह्मदेव प्रजापति समेत सैकड़ो महिलाएं व अन्य लोग मौजूद थे।

# जेएमएम की फायर ब्रांड नेत्री कल्पना को मिल रहा है अपार जन समर्थन

## मंईयां सम्मान यात्रा में उमड़े सैलाब ने उड़ा दिये है राजनीतिक दलों के होश

**राजेश प्रसाद**



**लातेहार।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी सह गांडेय विधायक कल्पना सोरेन झारखण्ड की राजनीति में सबसे लोकप्रिय और चर्चित महिला नेत्री बन गई है। कल्पना सोरेन के राजनीति में आते ही महिलाएं उन्हें अपने रोल मॉडल के रूप में देख रहीं है। आज कल्पना झारखंड मुक्ति मोर्चा की फायर ब्रांड नेत्री के रूप में पूरे देश में छा गई है। कल्पना चाहे जिस क्षेत्र में भी जनसभा करने को जा रही हैं, वहां महिलाओं का सैलाब उन्हें सुनने और देखने को उमड़ रहा है, जो अभी वर्तमान में कल्पना सोरेन की मईया सम्मान यात्रा में भी देखने को मिल रहा है। झारखण्ड विधानसभा चुनाव को लेकर एक ओर जहां पूरे राज्य में सरगर्मी तेज हो गई है। भाजपा अपने दिग्गज नेताओं के सहारे जहां झारखंड में अपनी सरकार बनाने के लिए तमाम हथकंडे अपना रही है। साथ ही एनडीए गठबंधन से लोजपा प्रमुख चिराग पासवान, आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो, भोजपुरी सुपरस्टार सह भाजपा सांसद मनोज तिवारी और रवि किशन के साथ साथ अमित शाह और खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी झारखंड में कार्यक्रम को संबोधित करते देखे जा चुके है। एक ओर जहां परिवर्तन रैली के सहारे भाजपा झारखंड की जनता को लुभाने की कौशिश में लगी है। वहीं दूसरी ओर भाजपा के तमाम दिग्गजों के सामने अकेली कल्पना सोरेन चुनावी शंखनाद के जरिए हुंकार भरते हुए देखी जा रही है। जेएमएम की इस फायर ब्रांड नेत्री कल्पना को राज्य की जनता और खासकर महिलाओं के मिल रहे अपार जन समर्थन और प्यार ने अन्य राजनीतिक दलों के होश उड़ा दिए है।

### बालूमाथ में कल्पना ने मंईयां सम्मान यात्रा में लिया भाग

**बालूमाथ।** बालूमाथ उच्च विद्यालय के मैदान में बुधवार को मैया सम्मान योजना यात्रा के तहत झारखंड मुक्ति मोर्चा की नेत्री और गांडेय विधानसभा क्षेत्र के विधायक कल्पना मुर्मू शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम, कृषि मंत्री दीपिका सिंह पांडे, महिला बाल विकास मंत्री बेबी देवी,मनिका विधायक रामचंद्र सिंह पहुंचे ।जहां उपस्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता व ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा की हेमंत सरकार महिलाओं को सम्मान देते हुए महिला व 21 वर्ष से ऊपर महिलाओं को 1000 पर एक महीने देकर सम्मान देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि अब महिलाओं को किसी के सामने हाथ फैलाने की जरूरत नहीं है। भाजपा ने राज्य के मुखिया मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झूठे मुकदमे में जेल भेजने का कार्य किया है ।जनता सब देख रही है 5 साल के दौरान भाजपा सरकार को बराबर अस्थिर करने का कार्य किया है। भाजपा की सरकार चाहती है कि यहां के आदिवासी सरकार कुर्सी पर नहीं बैठे। वहीं मंत्री बैजनाथ राम ने कहा कि विधानसभा चुनाव नजदीक में है आप लोग अभी से ही सतर्क हो जाए और आने वाले दिनों में सभी गरीब पिछड़ा आदिवासी लोगों को मिलकर वोट करने की जरूरत है।

### कल्पना सोरेन ने राजा मेदिनिराय की प्रतिमा पर अर्पित की श्रद्धांजलि

## महापुरुषों के बताये मार्ग पर चलकर सीएम कर रहें है क्षेत्र का विकास

**खबर मन्त्र संवाददाता**



दुबियाखाड़ में विधायक कल्पना सोरेन व रामचंद्र सिंह।

**बरवाडीह।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी सह गांडेय विधायक कल्पना सोरेन की मईयां सम्मान यात्रा बुधवार को पलामू से मनिका में आहूत जनसभा में जाने के क्रम में दुबियाखाड़ मोड़ पहुंची। जहां राज्य सरकार की मंत्री बेबी देवी, दीपिका पाण्डेय सिंह और विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन के साथ साथ राज्य के उत्कृष्ट विधायक रामचंद्र सिंह ने दुबियाखाड़ में स्थापित राजा मेदिनिराय की प्रतिमा पर फूलमाला भेंटकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कल्पना सोरेन ने कहा कि महाप्रतापी राजा मेदिनिराय ने प्रजा की सुख समृद्धि के लिए काफी कुछ किया था। आज हेमंत सोरेन जी भी महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलकर राज्य की जनता को पूरा सम्मान देने का काम रहें है, और राज्य का समग्र विकास कर रहें है, जो बाहरी लोगों और झारखण्ड के विरोधियों को नहीं पच रही है। इस मौके पर मौजूद महागठबंधन के नेताओं और कार्यकताओं का जत्था विधायक रामचंद्र सिंह के नेतृत्व में उन्हें फूलमाला पहनाकर, बुके भेंटकर व गगनभेदी नारेबाजी करते हुए भव्य स्वागत किया। जहां कल्पना सोरेन ने विधायक समेत महागठबंधन के नेताओं और कार्यकताओं का अभिवादन स्वीकार किया तथा कार्यकताओं और शुभेच्छुओं का हांथ जोड़कर आभार जताते हुए मनिका के लिए रवाना हो गई। इस मौके पर पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष नसीम अंसारी, युथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव विजय बहादुर सिंह, जेएमएम प्रखण्ड अध्यक्ष अफजल अंसारी, जेएमएम वरिष्ठ नेता शशि भूषण तिवारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह उर्फ पिंटू, कांग्रेस वरिष्ट नेता अनिल सिंह, प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम, दीपू तिवारी, युथ कांग्रेस अध्यक्ष संजू श्रीवास्तव, असलम अंसारी, अरुण सिंह खरवार, दिलावर अंसारी समेत सैकड़ों की संख्या में महागठबंधन कार्यकर्ता मौजूद थे।

### भाजपा कार्यालय में दीनदयाल उपाध्याय की जयंती धूमधाम से मनाई गई



**महुआडांड़।** भाजपा कार्यालय में बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक श्री हरे कृष्णसिंह थे कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर वंदे मातरम गीत से किया गया। इस कार्यक्रम के अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष संजय जायसवाल के द्वारा किया गया मौके पर मौजूद पूर्व विधायक हरे कृष्णा सिंह ने कहा कि एकात्म मानवतावाद का दर्शन देने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर यह संकल्प लेना चाहिए कि हम पंक्ति के अंतिम छोर में बैठे व्यक्ति तक विकास की किरण को पहुंचा कर देश के विकास में अपना योगदान सुनिश्चित कर सकें। मौके पर जिला मंत्री शंभू प्रसाद, संजय जयसवाल, भुवनेश्वर सिंह, दिलीप प्रसाद, राम जयसवाल, सुनील जायसवाल, संजय राय, राजू सिंह, प्रशांत सिंह, अमित जायसवाल, सोनी खान, नागेश मुंडा, संतोष यादव, लक्ष्मी प्रसाद, अशोक प्रसाद सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

### महुआडांड़ में धूमधाम से मना जितिया पर्व



महुआडांड़ पूरे प्रखंड क्षेत्र क्षेत्र में जितिया का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर व्रतियों ने निर्जला उपवास कर जितिया की कथा सुन कर अपने बच्चों की लंबी आयु की कामना भी की। प्रखंड के विभिन्न गांवों के जितिया अखरा बुधवार की रात करम डाल की विविधवत पूजा की गई। इस दौरान रात भर परंपरागत गीतों की धुन और मांदर की थाप पर लोग झूमते रहे। गुरुवार की सुबह माताओं ने पूजा-अर्चना कर निर्जला उपवास तोड़ कर अपने बच्चों की लंबी उम्र और सलामती की दुआ मांगी।

### मनिका प्रखंड में मंईयां सम्मान यात्रा के तहत कार्यक्रम में कल्पना सोरेन ने की शिरकत



- झारखंड का अगर कोई कर रहा है विकास तो वह हेमंत सोरेन हैं : कल्पना सोरेन
- बारिश होने के बावजूद भी लोगों का उमड़ा जन-सैलाब

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के हाई स्कूल खेल के मैदान में मंईयां सम्मान यात्रा के तहत दिन बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में झामुमो विधायक कल्पना सोरेन ने शिरकत किया। बता दें कि पलामू में कार्यक्रम संपन्न होने के उपरांत झामुमो विधायक कल्पना सोरेन, मंत्री बेबी देवी,दीपिका पांडे सिंह, बैजनाथ राम, विधायक रामचंद्र सिंह, समेत अन्यों का मनिका में आयोजित कार्यक्रम में आगमन हुआ। जहां वरिष्ठ नेताओं के साथ-साथ बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकताओं ने मंत्रियों व विधायक को बाइक से अगवानी करते हुए कार्यक्रम स्थल तक लाया। जहां पर काफी संख्या में उपस्थित कार्यकताओं एवं महिलाओं ने मंईयां सम्मान यात्रा का भव्य स्वागत किया। वहीं खास बात यह रही की भारी बारिश होने के बावजूद भी लोगों का जन-सैलाब उमड़ पड़ा, विधायक कल्पना सोरेन समेत अन्य मंत्रियों का संबोधन सुनने के लिए लोगों में एक अलग जज्बा था,सभी बारिश में भीग रहे थे फिर भी स्टेज से किसी का नजर नहीं हट रहा था। मौके पर विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि झमाझम बारिश होने के बावजूद भी हमारी माताएं,बहने और बेटियों का जज्बा देखते बन रहा है और यह प्रमाण देता है कि आप सभी झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि अगर झारखंड में कोई विकास का कार्य कर रहा है तो वह हेमंत सोरेन हैं और इसमें हमारे मंत्री व सभी विधायकों का पूरा योगदान है। उन्होंने बताया कि जितिया पर्व करने के बावजूद भी मंत्री बेबी देवी हमारे साथ खड़ी हैं,हमारे समाज में महिलाओं की भूमिका अहम होती है और मैं इस जज्बे को सलाम करती हूं। इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए विधायक कल्पना सोरेन स्टेज के आगे अंतिम छोर तक आ गई थी जिससे वह फिसल सकती थीं लेकिन समय रहते मंत्री बेबी देवी ने उन्हें तुरंत पीछे हटा दिया जिस पर उन्होंने मंत्री बेबी देवी को मां कह कर संबोधित करते हुए कहा कि मां-बहन और बेटियां किसी भी परिस्थिति में आपके साथ खड़ी रहती हैं जिससे हमारे झारखंड की संस्कृति बरकरार है। वहीं उन्होंने महिला शक्ति जिंदाबाद, जय-जय झारखंड इत्यादि नारे भी लगाए। मौके पर कार्यक्रम में मंत्री बैजनाथ राम व विधायक रामचंद्र सिंह ने भी लोगों को संबोधित करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में फुल बहुमत के साथ हेमंत सोरेन की सरकार बनाने का अपील किया। मौके पर लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, बीडीओ मनोज कुमार तिवारी, सीओ संतोष कुमार शुक्ला, लाल मोती नाथ शहदेव, मुनेश्वर उरांव, विश्वनाथ पासवान, जितेंद्र प्रसाद यादव, दामोदर यादव, रामसेवक उरांव, रूपेश कुमार यादव, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## झारखंड राज्य की उन्नति व विकास मोदी व डबल इंजन की सरकार हीं कर सकती है: रवि किशन

# परिवर्तन यात्रा के बहाने चंदवा में भाजपा का शक्ति प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चंदवा।** बुधवार का दिन चंदवा में राजनीतिक क्षेत्र में शक्ति प्रदर्शन का दिन रहा। एक ओर मंईयां सम्मान यात्रा कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री की पत्नी सह गांडेय विधायक कल्पना सोरेन की अगुवाई में गठबंधन सरकार सभा कर रही थी, उसके साथ राज्य सरकार के मंत्री वैद्यनाथ राम, बेबी देवी, दीपिका पांडेय सिंह थी तो दूसरी ओर भाजपा परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम के तहत भाजपा रोड शो के जरिये शक्ति प्रदर्शन कर रही थी व सीने स्टार सह भाजपा के गोरखपुर सांसद रवि किशन की अगुवाई में रोड शो चल रहा था, जहां रवि किशन के एक झलक पाने को लेकर लोग लालायित नजर आ रहे थे। बालूमाथ में जनसभा को संबिधित करने के बाद रवि किशन लगभग 4 बजे चंदवा के भुषाढ़ पेट्रोल पंप के समीप पहुंचे, जहां पूर्व विधायक प्रकाश राम, मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता की अगुवाई में हजारों की संख्या में भाजपाइयों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इसके बाद परिवर्तन यात्रा चंदवा मुख्य बाजार होते इंदिरा गांधी चौक पहुंची। इस दौरान जगह पर रवि किशन का पुष्प वर्षा व फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया। इंदिरा गांधी चौक पर जनसभा को संबोधित करते हुए रवि किशन ने कहा कि परिवर्तन यात्रा में जिस प्रकार लोगों का ह्यूज उमड़ रहा है उससे प्रतीत हो रहा है कि झारखंड राज्य में परिवर्तन होना तय है। झारखंड राज्य का उन्नति व विकास सिर्फ और सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी व डबल इंजन की सरकार ही कर सकती है। एक ही पार्टी है जो देश की युवाओं को रोजगार दे सकती है, गरीबों के लिए सोच सकती है, देश के प्रत्येक माता बहनों, किसानों को सम्मान दे सकती है तो वह पार्टी भारतीय जनता पार्टी है। विकास देखना हो तो आप आकर उत्तर प्रदेश और गोरखपुर में देख सकते हैं कि 5 वर्षों में डबल इंजन की सरकार ने किस प्रकार गोरखपुर का कायाकल्प किया है। इस बार के विधानसभा चुनाव में हम सभी को जात-पात के नाम पर नहीं बंटना है और एकजुट होकर राज्य के विकास व कल्याण के लिए मतदान करना है।

जनसभा के दौरान इंदिरा गांधी चौक पर रवि किशन जिंदाबाद, जय श्री राम, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे के साथ लोगों ने रवि किशन का अभिनंदन किया। इस दौरान कुछ देर के लिए इंदिरा गांधी चौक पर रवि किशन व कल्पना सोरेन का काफिला आमने-सामने हो गया व भारी जाम की स्थिति बन गयी। परिवर्तन यात्रा के मौके पर तोखन साहू, दीपक निषाद, रिकी वर्मा, मनीष कुमार, रवि राज, राज कुमार पाठक, मनोज पाठक समेत पूरे प्रखण्ड से हजारों लोग मौजूद थे।

### रवि किशन को प्रकाश राम ने पुष्प गुच्छ देकर किया स्वागत, हेमंत सरकार पर जमकर साधा निशान

**हेरहंज।** भाजपा द्वारा परिवर्तन यात्रा में बुधवार 25 सितम्बर को गोरखपुर सांसद सह अभिनेता रवि किशन पलामू होते हेरहंज पहुंचे। जहां लातेहार के पूर्व विधायक सह भाजपा नेता प्रकाश राम व भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट व माला पहनाकर स्वागत किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं द्वारा सबसे पहले पलामू व लातेहार जिले के सीमावर्ती क्षेत्र झमेला महुवा से रोड शो कर हेरहंज पहुंचे। हेरहंज में नेताओं व कार्यकताओं द्वारा स्वागत किया गया .सांसद श्री किशन ने हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधा। कहा जिंदगी झंड बा फिर भी घमंड बा. हेमंत सरकार के कवना में घमंड बा. इसके बाद जनसैलाब रोड शो बालूमाथ की ओर निकले। मौके पर-जिला उपाध्यक्ष संतोष यादव, भाजपा नेता रंजीत जायसवाल, मनोज यादव, मनीष जायसवाल, रूपेंद्र जायसवाल, विजय गुप्ता, श्यामलाल गोस्वामी, अवधेश यादव,कृष्णा यादव, संजय यादव, अखिलेश यादव, महेंद्र प्रसाद, विजय शंकर प्रसाद, हिमांशु रंजन, पिंटू यादव,शिवकांत जायसवाल, मधुवन जायसवाल समेत काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे।

